रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-73

REGISTERED No. D.(DN)-73

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं० 2] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 9, 1982/पौष 19, 1903

No. 2] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 9, 1981/PAUSA 19, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

**Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation**

## भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
## PART II—Section 3—Sub-section (i)

**(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय अधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं**

**General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

### विधि न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय
### (विधायी विभाग)

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 1981

सा० का० नि० 26.—दरगाह समिति अजमेर द्वारा दरगाह ख्वाजा साहब अधिनियम, 1955 (1955 का 36) की धारा 20 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दरगाह ख्वाजा साहब उप-विधि, 1958 में किए गए निम्नलिखित संशोधनों को केन्द्रीय सरकार द्वारा उनका अनुमोदन और पुष्टि हो जाने पर, उक्त नियम के उप-नियम (3) की अपेक्षानुसार सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन उप-विधियों का संक्षिप्त नाम दरगाह ख्वाजा साहब (संशोधन) उप-विधि, 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. दरगाह ख्वाजा साहब उप-विधि, 1958 की उप-विधि 27 खंड (ग) के पश्चात् परन्तुक का लोप किया जाएगा।

टिप्पण :—मूल उप-विधियां, भारत के राजपत्र भाग 2 खंड 3 उप खंड (i) तारीख 25 अक्तूबर, 1958 में प्रकाशित हो चुकी हैं, देखिए, अधिसूचना सं० सा० का० नि० 984 तारीख 16 अक्तूबर, 1958 पृष्ठ 968 से 974। पश्चात्वर्ती संशोधन निम्नलिखित द्वारा किए गए :—

(i) भारत के राजपत्र भाग 2 खंड 3 उप खंड (i) तारीख 30 अक्तूबर, 1971 में पृष्ठ 4525 पर प्रकाशित अधिसूचना सं० सा० का० नि० 1606 तारीख 15 सितम्बर, 1971

(ii) भारत के राजपत्र भाग 2 खंड 3 उपखंड (i) तारीख 18 जनवरी, 1975 में पृष्ठ 87 पर प्रकाशित अधिसूचना सं० सा० का० नि० 60 तारीख 8 जनवरी, 1975।

[फा० सं० 3(5)/68-वक्फ]

असलम महमूद, उप सचिव

### MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS
### (Legislative Department)

New Delhi, the 21st November, 1981

G.S.R. 26.—The following amendments to the Durgah Khawaja Saheb Bye-Laws, 1958, made by the Durgah Committee Ajmer, in exercise of the powers conferred by section 20

of the Durgah Khawaja Saheb Act, 1955 (36 of 1955), are hereby published for general information, the same having been approved and confirmed by the Central Government as required by sub-section (3) of the said section, namely:—

1. (1) These bye-laws may be called the Durgah Khawaja Saheb (Amendment) Bye-Laws, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In bye-law 27 of the Durgah Khawaja Saheb Bye-Laws, 1958, the proviso after clause (c) shall be omitted.

Note :- -Principal Bye-Laws published vide notification No. G.S.R. 914 dated 16th October, 1958, Gazette of India dated 25th October, 1958, Part II, Section 3, Sub-section (i), pages 968 to 974.

Subsequently amended by :—

(i) Notification No. G.S.R. 1606 dated 15th September, 1971, published in the Gazette of India dated 30th October, 1971, Part II, Section 3, Sub-section (i), page 4525, and

(ii) Notification No. G.S.R. 60 dated 8th January, 1975, published in the Gazette of India dated 18th January, 1975, Part II, Section 3, Sub-section (i), page 87.

[F. No. 3(5)/68-Wakf]
ASLAM MAHMUD, Dy. Secy.

## गृह मंत्रालय

### (कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर, 1981

सा० का० नि० 27—भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 4 के उप-नियम (1) तथा उप-नियम (2) के प्रथम परन्तुक के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार हिमाचल प्रदेश सरकार के परामर्श से, भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियम का नाम भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) पहला संशोधन, विनियम, 1982 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग संख्या का नियतन) विनियम, 1955, की अनुसूची में "हिमाचल प्रदेश" शीर्षक और उसके नीचे आने वाली प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

"हिमाचल प्रदेश"

| | |
|---|---|
| 1- राज्य सरकार के अधीन वरिष्ठ पद | 53 |
| सरकार के मुख्य सचिव | 1 |
| वित्त आयुक्त | 1 |
| वित्त आयुक्त (विकास) सहकृषि उत्पादन आयुक्त | 1 |
| प्रमण्डल आयुक्त | 2 |
| आयुक्त तथा सरकार के सचिव | 2 |
| आयुक्त अनुसूचित जाति/जनजाति तथा सरकार के सचिव | 1 |
| सरकार के सचिव/विशेष सचिव | 4 |
| राज्यपाल के सचिव | 1 |
| मुख्य मंत्री के सचिव | 1 |
| सचिव, लोक सेवा आयोग | 1 |
| सरकार के अपर/सयुक्त/उप सचिव | 8 |
| निदेशक, हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान | 1 |
| आबकारी तथा कर आयुक्त | 1 |
| सरकारी समितियों के पंजीकार | 1 |
| सिविल पूर्ति के निदेशक | 1 |
| उद्योगों के संयुक्त निदेशक | 1 |
| पंचायती राज के निदेशक | |
| सह ग्रामीण सघटित विकास निदेशक | 1 |
| उद्योगों के निदेशक | 1 |
| श्रम आयुक्त तथा निदेशक रोजगार तथा प्रशिक्षण | 1 |
| परिवहन तथा पर्यटन आयुक्त तथा सरकार के संयुक्त/उप सचिव | 1 |
| सतर्कता निदेशक | 1 |
| कल्याण निदेशक तथा कारागार महा निरीक्षक | 1 |
| बन्दोबस्त अधिकारी | 1 |
| उप आयुक्त | 12 |
| विभागीय जांच आयुक्त | 1 |
| अपर रजिस्ट्रार सहकारी समितियां | 1 |
| अपर उप-आयुक्त | 3 |
| भूमि रिकार्ड निदेशक | 1 |
| | 53 |
| 2- केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व उपर्युक्त 1 के 40 प्रतिशत के हिसाब से | 21 |
| 3- पदोन्नति तथा चयन द्वारा भरे जाने वाले पद उपर्युक्त 1 और 2 के 33-1/3 प्रतिशत के हिसाब से | 24 |
| 4- सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पद (उपर्युक्त 1 और 2 में से 3 घटाकर) | 50 |
| 5- प्रतिनियुक्ति रिजर्व उपर्युक्त 4 के 22.5 प्रतिशत के हिसाब से | 20* |
| 6- छुट्टी रिजर्व उपर्युक्त 4 के 5.62 प्रतिशत के हिसाब से | 3 |
| 7- कनिष्ठ पद उपर्युक्त 4 के 23.17 प्रतिशत के हिसाब से | 12 |
| 8- प्रशिक्षण रिजर्व उपर्युक्त 4 के 11.91 प्रतिशत के हिसाब से | 6 |
| सीधी भर्ती वाले पद | 91 |
| पदोन्नति वाले पद | 24 |
| कुल प्राधिकृत संख्या | 115 |

*इनमे 9 अतिरिक्त पद शामिल हैं जिन्हें तदर्थ रूप में बढ़ाने की अनुमति दी गई है।

ध्यान दें :—इसका मुख्य नियम जी० एस० आर० नं० 457-ई दिनांक 22-8-75 द्वारा संशोधन हुआ था।

[सं० 11031/25/81-अ० भा० से०II]
एम० पी० मुरुप, डेस्क अधिकारी

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

### (Department of Personnel & Admn. Reforms)

New Delhi, the 24th December, 1981

**G.S.R. 27.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951) read with sub-rule (1), and the first proviso to sub-rule (2) of Rule 4 of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Himachal Pradesh, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulation, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) First Amendment Regulations, 1982.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, under the head-

ing "Himachal Pradesh" and the entires occurring thereunder, the following shall be substituted, namely :—

| | |
|---|---|
| 1. Senior posts under the State Government | 53 |
| Chief Secretary to the Government | 1 |
| Financial Commissioner | 1 |
| Financial Commissioner (Development)-cum-Agricultural Production Commissioner | 1 |
| Divisional Commissioners | 2 |
| Commissioner and Secretary to Government | 2 |
| Commissioner for Scheduled Castes/Scheduled Tribes and Secretary to Government | 1 |
| Secretary/Special Secretary to the Government | 4 |
| Secretary to Governor | 1 |
| Secretary to Chief Minister | 1 |
| Secretary, Public Service Commission | 1 |
| Additional/Joint/Deputy Secretary to Government | 8 |
| Director, Himachal Pradesh Institute of Public Administration | 1 |
| Excise and Taxation Commissioner | 1 |
| Registrar of Cooperative Societies | 1 |
| Director of Civil Supplies | 1 |
| Additional Director of Industries | 1 |
| Director of Panchayati Raj-cum-Director of Rural Integrated Development | 1 |
| Director of Industries | 1 |
| Labour Commissioner and Director of Employment and Training | 1 |
| Commissioner of Transport and Tourism-cum-Joint/Deputy Secretary to Government | 1 |
| Director of Vigilance | 1 |
| Director of Welfare and Inspector General of Prisons | 1 |
| Settlement Officer | 1 |
| Deputy Commissioners | 12 |
| Commissioner for Departmental Enquiries | 1 |
| Additional Deputy Commissioner | 3 |
| Additional Registrar of Cooperative Societies | 1 |
| Director of Land Records | 1 |
| | 53 |
| 2. Central Deputation Reserve at 40% of 1 above | 21 |
| 3. Posts to be filled by promotion and selection @ 33.1/3% of 1 and 2 above | 24 |
| 4. Posts to be filled by Direct Recruitment (1 and 2 minus 3 above). | 50 |
| 5. Deputation Reserve @ 22.5% of item 4 above | 20** |
| 6. Leave Reserve @ 5.62% of item 4 above | 3 |
| 7. Junior Posts @ 23.17% of item 4 above | 12 |
| 8. Training Reserve @ 11.91% of item 4 above | 6 |
| Direct Recruitment Posts | 91 |
| Promotion Posts | 24 |
| Total authorised strength : | 115 |

**Including 9 posts allowed as ad-hoc increase.

Note :—The Principal regulations have been amended vide G.S.R. No. 457-E dated 22-8-1975.

[No. 11031/25/81-AIS(II)]

M. P. KURUP, Desk Officer

## केन्द्रीय उत्पादन शुल्क एवं सीमा शुल्क समाहर्तालय

मदुरै, 9 नवम्बर, 1981

सा० का० नि० 28—30-12-1980 को समाप्त तिमाही के दौरान सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के उपबंधों तथा इनके अन्तर्गत बनाये गये नियमों का उल्लंघन किए व्यक्ति जिन्हें उक्त अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है तथा जिन पर विभाग द्वारा रु० 10,000/ या इससे अधिक शास्ति अधिरोपित की गई है ।

| क्रम सं० दोषी ठहराये गए व्यक्ति का नाम और पता | उल्लंघित धारा और दी गई सजा आदि का विवरण |
|---|---|
| रामनाथपुरम सीमा शुल्क प्रभाग :— | |
| 1. श्री त्यागराजन, पुत्र मुत्तुइस्लन सेरुवै, 8/530 पेरुमल कोइल पिल्लै स्ट्रीट, परमक्कुडी (ए.1) | सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 135 (1) (बी) (ii) के अन्तर्गत दंडनीय आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 की धारा 3(ii) का उल्लंघन करने पर, रामनाथपुरम के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अपना निर्णयन सीसी० सं० 249/80 ता० 31-10-80 में ए.1 को 3 महीनों की ए.2 को 2 महीनों की तथा ए.3 को 1 महीने की सश्रम कारावास की सजा सुनाई । |
| श्री मीनाक्षी सुन्दरम, पुत्र रत्तिनम पिल्लै, नार्थ स्ट्रीट, देवीपट्टिणम. (ए.2) | |
| श्री कुप्पय्या, पुत्र करुप्पय्या, अनूमक लोप्पु, कन्नामुनै, देवीपट्टनम (ए.3) | समाहर्ता, केन्द्रीय उत्पादन एवं सीमा शुल्क, मदुरई ने सरकार के पक्ष में रु० 2,15,500 मूल्यवान 862 कि० ग्रा० लौंग, पूर्ण रूप से जब्त की और ए.1 पर रु० 5000 ए.2 पर रु० 2000 तथा ए.3 पर रु० 1000 की प्रत्यक्ष शास्ति अधिरोपित की । |
| 2. श्री ए० परंजोति, पुत्र अंगुसामी, 47-ए, रेलवे कालोनी, मंडपम, रामनाथपुरम जिला | सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 135 (ए) के अन्तर्गत दंडनीय आयात एवं निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 की धारा 3 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 11 का उल्लंघन करने पर रामनाथपुरम के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपना निर्णयन सीसी० सं० 529/80 ता० 20-12-80 में 750 रु० जुर्माना और न्यायालय बरखास्त होने तक, कारावास की सजा सुनाई । |
| | सहायक समाहर्ता, केन्द्रीय उत्पादन एवं सीमा शुल्क, रामनाथपुरम ने सरकार के पक्ष में रु० 8000 मूल्यवान भारतीय उद्यम 200 बाइल साड़िया पूर्ण रूप से जब्त की और रु० 1000 की प्रत्यक्ष शास्ति अधिरोपित की । |

[सं० 1/81]

आर० जयरामन, समाहर्ता

## Customs and Central Excise Collectorate

Madural, the 9th November, 1981

**G.S.R. 28.**—Particulars of Persons who have contravened the provisions of customs act 1962 and rules made thereunder and who have been convicted by court and persons on whom a penalty of Rs. 10,000 or more was imposed by the Department for the quarter ending 31-12-80.

| Sl. No. | Name and address of Person convicted | Particulars of section contravened and punishment awarded etc. |
|---|---|---|
| | 1 | 2 |
| | RAMANATHAPURAM CUSTOMS DIVISION | |
| 1. | Shri Thangarajan, S/o Muthulrulan Servai, 8/530 Perumal Koil Pillai Street, Paramakudi (A.1) Meenatchi Sundaram, S/o Rathinam Pillai, North Street, Devipattinam (A.2) | For contravention of Section 3(2) of the Imports and Exports (Control) Act 1947, punishable under Section 135(1)(b)(ii) of Customs Act, 1962, the Sub-Division at Judicial Magistrate Ramanathapuram in his Judgement CC.No. 249/80 dated 31-10-80 sentenced to undergo Rigorous Imprisonment for 3 months on A.1, for 2 months on A.2 and for 1 month on A.3. |
| | Kuppian, S/o Karupplah, Abuhakkar thoppu, Kannamunai, Devipattinam (A.3) | The Collector of Central Excise and Customs Madurai has absolutely confiscated 862 Kgs. of Cloves valued Rs. 2,15,500/- to Government and imposed a penalty of Rs. 5000/- on A.1 Rs. 2,000/- on A.2, Rs. 1000/- on A.3. |
| | 1 | 2 |
| 2. | Shri A. Paranjothi, S/o Anugsami, 47-A Railway Colony, Mandampam, Ramanathapuram District | For contravention of Section 11 of Customs Act, 1962 read with section 3 of Imports and Exports (Control) Act 1947 Punishable under section 135(A) of Customs Act, 1962 the Sub-Divisional Judicial Magistrate Ramanathapruam in his Judgement CC. No. 529/80 dated 20-12-80 sentenced to pay a fine of Rs. 750/and imprisonment till the rising of the Court. |
| | | The Assistant Collector of Central Excise Ramanathapuram has absolutely confiscated 200 Numbers of voil sarees of Indian origin valued Rs. 8000/- to Government and imposed a penalty of Rs. 1000/-. |

[No. 1/81]

R. JAYARAMAN, Collector

## योजना मंत्रालय

### (सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर, 1981

**सा० का० नि०** 29.—राष्ट्रपति संविधान की धारा 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और संगणक केन्द्र भर्ती नियमावली, 1972 (श्रेणी I और श्रेणी II पद) का जहां तक कार्यक्रम सहायक/कंसोल प्रचालक का संबंध है, केवल उन बातों को छोड़कर जो हो चुकी हैं या होने से छूट गयी हैं का, अधिक्रमण करते हुए भर्ती पद्धति के विनियमन हेतु कार्यक्रम सहायक, कंसोल आपरेटर, संगणक केन्द्र, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली नामक पद के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात्:—

1. संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारंभ: (i) ये नियम संगणक केन्द्र, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली, कार्यक्रम सहायक/कंसोल प्रचालक भर्ती नियमावली 1981 कहलायेंगे।

(ii) ये नियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. पद-संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान: उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे संलग्न वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के 2 से लेकर 4 तक के कालमों में दिए गए हैं।

3 भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और अन्य अर्हताएं आदि: उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हतायें और उनसे संबंद्ध अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के 5 से लेकर 14 तक के कालमों में विनिर्दिष्ट हैं।

4. अनर्हताएं: (क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता है या विवाह की संविदा करता है जिसका पति/पत्नी जीवित हो अथवा

(ख) को व्यक्ति जो कि पति/पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति के साथ विवाह करता है/करती है अथवा विवाह की संविदा करता है/करती है सेवा से नियुक्ति का पात्र नहीं होगा। बशर्ते कि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाय कि ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के अन्य पक्षकार पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत इस प्रकार का विवाह अनुज्ञेय है तथा ऐसा करने के लिए कुछ अन्य कारण भी हैं, किसी भी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकती है।

5. छूट देने की शक्ति:

जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे आदेश द्वारा व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के बारे में इन नियमों के उपबंधों में से किसी को भी शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति

इन नियमों से कोई भी नियम, इस बारे में समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए प्रदान किए जाने वाले आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगा।

अनुसूची

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | प्रवरण पद अथवा अप्रवरण पद | सीधी भर्ती वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा | के० सि० सेवा (पेंशन) नियमावली 1972 के नियम 30 के अंतर्गत सेवा के जोड़े हुए वर्षों का लाभ अनुज्ञेय है | सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कार्यक्रम सहायक कंसोल प्रचालक | 19<br><br>पदों का घटना-बढ़ना कार्यभार पर निर्भर करता है। | सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रुप 'ख' अराजपत्रित | 550-25-700-द० रो०-30-900 रु० | प्रवरण | 30 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी कर्मचारियों के लिए 5 वर्ष तक शिथिलनीय)<br>टिप्पणी : आयु सीमा निर्धारण करने की निर्णायक तिथि भारत के अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी (अंडमान व निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों को छोड़कर) | नहीं | अनिवार्य :<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी गणित/परिचालन अनुसंधान । भौतिकी अथवा अर्थशास्त्र/वाणिज्य (सांख्यिकी विषय सहित) में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा इंजीनियरिंग संगणक विज्ञान में डिग्री अथवा समकक्ष योग्यता।<br>(ii) संगणक प्रोग्रामिंग/संकार्य के एक वर्ष के अनुभव सहित इलैक्ट्रानिक समंक विधायन कार्य का 2 वर्ष का अनुभव ।<br>वांछनीय :<br>(i) संगणक प्रोग्रेमिंग/परिचालन विशेषरूप से बुरो 3845 संगणक प्रणाली में औपचारिक प्रशिक्षण।<br>(ii) एक या अधिक प्रोग्रेमिंग भाषाओं की जानकारी<br>टिप्पणी : (i) सर्व प्रकार से योग्य अभ्यर्थी के मामले में अर्हताओं में छूट देना सं० लो० से० आयोग के विवेक पर निर्भर करता है।<br>(iii) चयन की किसी अवस्था में सं० लो० से० आयोग को यदि ऐसा आभास मिलता है कि अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों को भरने के लिए उन वर्गों के अपेक्षित अनुभव वाले पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों के मिलने की संभावना नहीं है तो सं० लो० से० आयोग के विवेक से अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित उम्मीदवारों के बारे में अनुभव संबंधी अर्हताओं में छूट दी जा सकती है । |

| क्या सीधी भर्ती वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षिक अर्हताएं पदोन्नत किए जाने वाले व्यक्तियों के संबंध में भी लागू होंगी ? | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो | क्या भर्ती पद्धति सीधी भर्ती से या पदोन्नति से अथवा प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण से तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भर्ती की जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा की गयी भर्ती के मामले में पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण वाले ग्रेड दिए जाने हैं | यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका गठन क्या है | किन परिस्थितियों में भर्ती करते समय संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श लेना होगा |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| आयु : नहीं, अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं : हां | 2 वर्ष | (i) 25% पदोन्नति द्वारा यदि ऐसा संभव न होता तो प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा।<br>(ii) 75% सीधी भर्ती द्वारा ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा। | पदोन्नति :<br>कनिष्ठ कार्यक्रम सहायक जिसकी नियमित आधार पर नियुक्ति होने के पश्चात निर्धारित ग्रेड में कार्य करते हुए पांच वर्ष हो गये हों।<br>प्रतिनियुक्ति के आधार पर अंतरण केन्द्रीय सरकार में समान पद पर कार्य करने वाले कर्मचारी या जिन कर्मचारियों ने 425-700 रु० के वेतनमान में पांच वर्ष सेवा की हो अथवा उसके समकक्ष और स्तम्भ 8 के अंतर्गत भर्ती नियमों के लिए निर्धारित अनुभव हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)। | विभागीय पदोन्नति समिति में निम्नलिखित अधिकारी होंगे :<br>(i) निदेशक संगणक केन्द्र—अध्यक्ष<br>(ii) अपर निदेशक, संगणक केन्द्र—सदस्य<br>(iii) संयुक्त निदेशक संगणक केन्द्र—सदस्य<br>(iv) अनु जा०/अनु० ज० जाति का एक उपयुक्त अधिकारी—सदस्य | सीधी भर्ती के समय सं० लो० से० आयोग का परामर्श अनिवार्य है।<br>टिप्पणी : स्थायीकरण के संबंध में विभागीय पदोन्नति समिति की कार्यवाहियों सं० लोक सेवा आयोग के अनुमोदन के लिए भेजी जायेंगी यदि इन कार्यवाहियों का आयोग अनुमोदन नहीं करता है तो विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक पुनः बुलायी जायेगी जिसकी अध्यक्षता में सं० लो० सेवा आयोग के अध्यक्ष या सदस्य करेंगे। |

[सं० ए-12018/2/81-स्था I सं० कें०]

एस० बलरामन, उप-सचिव

## MINISTRY OF PLANNING

**(Department of Statistics)**

New Delhi, the 16th December, 1981

**G.S.R. 29.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in super session of the Computer Centre (Class I and Class II posts) Recruitment Rules, 1972, in so far as they relate to the post of Programme Assistant|Console Operator, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment, to the post of Programme Assistant|Console Operator in the Computer Centre, Department of Statistics, New Delhi, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Computor Centre, Department of Statistics, New Delhi, Programme Assistant|Console Operator Recruitment Rules, 1981 ;

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit and other qualifications etc.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (14) of the Schedule aforesaid.

4. Disqualification :

No person —

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person.

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax .—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxations of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

| Name of post | No. of Posts | Classification | Scale of pay | Whether selection post or non-Selection post | Age limit for direct recruits | Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the CCS (Pension) Rules, 1972 | Educational and other qualifications required for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Programme Assistant/Console Operator | 19* (1981) *subject to variation dependent on work load | General Central Service Group 'B' Non-Gazetted | Rs. 550-25-700-EB-30-900 | Selection | Not exceeding 30 years (Relaxable upto 5 years for Government servants). Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in the Andaman & Nicobar Islands & Lakshadweep). | No | Essential : (i) Master's Degree in Statistics/Mathematics/Operations Research/Physics or Economics/Commerce (with Statistics) or Degree in Engineering/Computer Science of a recognised University or equivalent. (ii) 2 years' experience of electronic data processing work including one year experience of compute programming/operation. Desirable : (i) Formal training in computer programming/operation preferably Burroughs 3845 Computer System. (ii) Knowledge of one or more of the programming languages. Note 1. Qualifications are relaxable at the discretion of the UPSC in case of candidates other wise well qualified. Note 2. The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the UPSC in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes if, at any stage of selection, the UPSC is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them. |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promtion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion, deputation or transfer, grades from which promotion, deputation or transfer to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| Age : No<br>E.Q. : Yes | 2 years | (i) 25% by promotion; failing which by transfer on deputation.<br>(ii) 75% by direct recruitment, failing which by transfer on deputation. | Promotion<br>Junior Programme Assistant with 5 years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis.<br>Transfer on deputation :<br>Officers under the Central Government holding analogous posts or with 5 years' service in posts in the scale of Rs. 425-700 or equivalent and possessing the qualifications prescribed and experience laid down for direct recruits under col. 8.<br>(Period of deputation shall ordinarily not exceed 3 years). | DPC consisting of :—<br>(i) Director, Computer Centre—Chairman<br>(ii) Additional Director Computer Centre—Member<br>(iii) Joint Director, Computer Centre—Member<br>(iv) An officer of appropriate status belonging to SC/ST—Member | Consultation with the UPSC necessary while making direct recruitment.<br>Note : The proceedings of the DPC relating to confirmation shall be sent to the Commission for approval. If, however, these are not approved by the Commission, a fresh meeting of the DPC to be presided over by the Chairman or a Member of the UPSC shall be held. |

[No. A.12018/2/81. E. I.] (CC)]
S. BALARAMAN, Dy. Secy.

## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1981

**सा० का० नि० 30.**— केन्द्रीय सरकार, खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 (1954 का 37) की धारा 23 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा केन्द्रीय खाद्यमानक समिति से परामर्श करने के पश्चात् खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 का और संशोधन करना चाहती है । उक्त उपधारा की अपेक्षानुसार प्रस्तावित संशोधनों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है । इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से नब्बे दिन के पश्चात् विचार किया जाएगा ।

इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व नियमों के उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी ।

### नियमों का प्रारूप

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम खाद्य अपमिश्रण निवारण (संशोधन) नियम, 1981 है ।

2. खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) में,—

(क) नियम 61-ख के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"61-ग फल उत्पादों में पायसीकरण और स्थायीकारी कारकों का उपयोग जोड़ा जा सकेगा :—

फल उत्पाद में निम्नलिखित पायसीकरण और स्थायीकारी कारक जोड़े जा सकेंगे :—

पैक्टिन, सोडियम एल्गीनेट, कैल्सियम एल्गीनेट, ऐल्जिनिक अम्ल, और प्रोपिलीन ग्लाइकोल एल्गीनेट" ।

(ख) उक्त नियम के परिशिष्ट ख की मद सं० क.16.01, क.16.02, क.16.03, क.16.04, क.1605, क.16.06, क.16.07, क.16.09, क.16.11, क.16.12 के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"इसमें नियम 61-ग में विहित किए गए अनुज्ञात पायसीकरण और स्थायीकारी कारक भी हो सकेंगे" ।

[सं० पी० 15019/2/80-पी० एच० (एफ एन्ड एन) (पी एफ ए)]

जी० पंचापकेशन, अवर सचिव

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

### (Department of Health)

New Delhi, the 23rd December, 1981

**G.S.R. 30.**—The following draft rules further to amend the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955, which Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 23 of the Prevention of Food Adulteration Act, 1954 (37 of 1954) after consultation with the Central Committee for Food Standards, is hereby published as required by the said sub-section for information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft rules will be taken into consideration after ninety days from the date on which the said notification is published in Official Gazette.

Any objection or suggestion which may be received from any person with respect to the said draft rules before the expiry of the period so specified will be considered by the Central Government.

### DRAFT RULES

1. These rules may be called the Prevention of Food Adulteration (Amendment) Rules, 1981.

2. In the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955 (hereinafter referred to as said rules),—

(i) After rule 61-B, the following rule shall be inserted, namely :—

"61-C Use of emulsifying and stabilising agents may be added to fruit products.

The following emusifying and stabilising agents may be added to fruit product :

Pectin, sodium alginate, calcium alginate, elginic acid and propylene glycol alginate".

(ii) In appendix B to the said rules, in item No. A.16.01 A.16.02, A.16.03, A.16.04, A.16.05, A.16.06, A.16.07, A.16.09, A.16.11, A.16.12, the following shall be added at the end, namely:—

"It may also contain permitted emulsifying and establising agents as prescribed in rule 61-C".

[No. P 15019/2/80-PH(F&N)PFA]
G. PANCHAPAKESAN, Under Secy.

## इस्पात और खान मंत्रालय

### (खान विभाग)

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1981

**सा० का० नि० 31.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय खान ब्यूरो (श्रेणी-I और II पद) भर्ती नियम, 1964 में और संशोधन करने हेतु एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् —

1. (1) इन नियमों को भारतीय खान ब्यूरो (श्रेणी-I और II पद) भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियम, 1981 कहा जाएगा ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू माने जाएंगे ।

2. भारतीय खान ब्यूरो (श्रेणी-I और II पद) भर्ती नियम, 1964 में,—

(i) 'श्रेणी I' और 'श्रेणी II' शब्द जहां भी आए है, उनके लिए क्रमशः 'ग्रुप क' और 'ग्रुप ख' प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

(ii) अनुसूची में—

सहायक खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) के पद से संबंधित क्रम सं० 32 के सामने कालम 8 के नीचे की प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"नही"

[फाइल सं० ए-44018/121/79-खान-6]
ए० के० वेंकट सुब्रह्मण्यन, निदेशक

## MINISTRY OF STEEL & MINES

### (Department of Mines)

New Delhi, the 23rd December, 1981

**G.S.R. 31.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Indian Bureau of Mines (Class, I and II posts) Recruitment Rules,* 1964, namely :—

1. (1) These rules may be called the Indian Bureau of Mines (Class I and II posts) Recruitment (Second Amendment) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Bureau of Mines (Class I and II posts) Recruitment Rules, 1964—

(i) for the expressions 'class I' and 'class II' wherever they occur, the expressions 'Group A' and 'Group B' shall respectively be substituted;

(ii) in the Schedule—

against serial number 32 relating to the post of Assistant Mineral Economist (Intelligence), for the entry under column 8, the following entry shall be substituted, namely —

'No'

[F. No. A-44018/121/79-MVI]
A. K. VENKATA SUBRAMANIAN, Director.

*(i) Notified as G.S.R. No. 565, dated the 25th March 1964.

(ii) Amended by Notification No. G.S.R. 649, dated the 21st April 1979 published in the Gazette of India, Part-II Section-3(i).

## ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर, 1981

**सा० का० नि० 32.**—केन्द्रीय सरकार, कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिह्नांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कपास यीज श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1981 बनाना चाहती है। जैसा कि उक्त धारा में अपेक्षित है। प्रस्तावित नियम का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है। इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा।

इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि से पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी।

**प्रारूप नियम**

1 संक्षिप्त नाम और लागू होना--इन नियमों का संक्षिप्त नाम कपास बीज श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम 1981 है।

(2) ये भारत में उत्पादित कपास बीजों को लागू होंगे।

2 परिभाषाएं--इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(1) "कृषि विपणन सलाहकार, से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है

(2) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न कोई अनुसूची अभिप्रेत है,

(3) "प्राधिकृत पैकर" से ऐसा व्यक्ति या व्यक्ति निकाय अभिप्रेत है जिसे कृषि विपणन सलाहकार ने नियमों के अधीन विहित श्रेणी मानकों और प्रक्रिया के अनुसार वस्तु का श्रेणीकृत कराने और एगमार्क चिह्न लगवाने के लिए प्राधिकरण प्रमाणपत्र दिया है,

(4) "प्रमाण पत्र" से प्राधिकरण प्रमाणपत्र अभिप्रेत है।

3 श्रेणी अभिधान--कपास बीजों की क्वालिटी उपदर्शित करने वाला श्रेणी अभिधान वह होगा, जो अनुसूची 1 के स्तम्भ 1 में उपवर्णित है।

4. क्वालिटी की परिभाषा--श्रेणी अभिधानों द्वारा उपदर्शित क्वालिटी वह होगी, जो अनुसूची 1 के स्तम्भ 2 से 8 में प्रत्येक श्रेणी अभिधान के सामने उपदर्शित है।

5 श्रेणी अभिधान चिह्न--श्रेणी अभिधान चिह्न एक ऐसा लेबल होगा जिसमें श्रेणी अभिधान विनिर्दिष्ट होगा और ऐसी डिजाइन बनी होगी जिसमें भारत का रूप रेखा मानचित्र, "एगमार्क" शब्द और "भारतीय उत्पाद" तथा "प्रोड्यूस आफ इंडिया" शब्दों सहित उगते हुए सूर्य का चित्र होगा, जो अनुसूची 2 में उपवर्णित चिह्न के सदृश होगा।

6 चिह्नांकन पद्धति--(1) श्रेणी अभिधान चिह्न कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित रीति से, प्रत्येक पैकेज पर मजबूती से चिपकाया जाएगा।

(2) श्रेणी अभिधान के अतिरिक्त लेबल पर निम्नलिखित विशिष्टियां भी स्पष्टतः दी जाएंगी

(क) फसली मौसम

(ख) लाट संख्या

(ग) पैक करने की तारीख

(घ) कोई अन्य विशिष्ट, जो कृषि विपणन सलाहकार समय समय पर विनिर्दिष्ट करे।

(3) प्राधिकृत पैकर, कृषि विपणन सलाहकार से पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने के पश्चात्, आधान पर अपना प्राइवेट व्यापार चिह्न उक्त अधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति से अंकित कर सकेगा, परन्तु यह तब जब कि प्राइवेट व्यापार चिह्न इन नियमों के अनुसार आधार पर चिपकाए गए श्रेणी अभिधान चिह्न इन नियमों के अनुसार आधान पर चिपकाए गए श्रेणी अभिधान चिह्न द्वारा उपदर्शित कपास बीजों की क्वालिटी या श्रेणी से भिन्न क्वालिटी या श्रेणी उपदर्शित न करे।

7 पैक करने की पद्धति--(1) कपास बीज नए की टिवल के थैलों में या किसी अन्य प्रकार के आधान में तथा किसी क्षमता और ऐसी रीति में पैक किया जाएगा, जो कृषि विपणन सलाहकार समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे।

(2) पैकिंग सामग्री स्वच्छ और शुष्क होगी, फफूंदी दूषण और कीट ग्रसन तथा विकृत गंध से मुक्त होगी।

(3) प्रत्येक पैकेज में एक ही फसली मौसम के और एक ही श्रेणी अभिधान वाले कपास बीज होंगे।

(4) प्रत्येक पैकेज को कृषि विपणन सलाहकार द्वारा विहित रीति से सुरक्षित रूप से बन्द और सील किया जाएगा।

**अनुसूची 1**

(नियम 3 और 4 देखिए)

कपास बीजों का श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

| श्रेणी अभिधान | क्वालिटी की परिभाषा | | | | | | साधारण लक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विजातीय पदार्थ | क्षतिग्रस्त बीज | अपरिपक्व झुर्रीदार तथा खराब बीज | घुने बीज | बिनौला तप्त | नमी | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| I | 1 0 | 1 0 | 2 0 | 0 5 | 4 0 | 10.0 | कपास बीज.-- |
| II | 3 0 | 2 0 | 4 0 | 1 0 | 6 0 | 10 0 | (1) गौसीपियम जाति के पौधे से अभिप्राप्त किए जाएंगे। |
| III | 5.0 | 4 0 | 6 0 | 1 5 | 10 0 | 10 0 | (2) विकसित परिपक्व साफ और शुष्क होंगे। |
| | | | | | | | (3) आकार, आकृति और रंग में युक्तियुक्त रूप से एक समान होंगे। |
| | | | | | | | (4) मैल, विकृत गंध, हानिकर पदार्थों, की फफूंदी और सदूषण से मुक्त होंगे। |

| | |
|---|---|
| (1) विजातीय पदार्थों में | पत्थर, मिट्टी के टुकड़े, कायकृम, भूसा, तने कोई अन्य खाद्य या अखाद्य बीज या कोई अन्य विजातीय सामग्री होगी। |
| (2) क्षतिग्रस्त बीज | ऐसे बीज होंगे जो आन्तरिक रूप से क्षतिग्रस्त या इस प्रकार विवर्णित या टूटे हुए हैं, जिससे तात्विक रूप से क्वालिटी पर प्रभाव पड़ता है। |
| (3) अपरिपक्व, झुर्रीदार और खराब बीज | ऐसे बीज होंगे जो उचित रूप से विकसित नहीं हैं और/या सुकड़े हुए हैं। खराब बीज ऐसे बीज होंगे जो आसानी से, यदि उन्हें दो उंगलियों के बीच दबाया जाए तो दबाए जा सकते हैं। |
| (4) घुने बीज | ऐसे बीज होंगे जिनमें घुन द्वारा आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से छेद कर दिया गया है या खा लिया गया है। |
| (5) बिनौले तन्तु | के अन्तर्गत उत्तन्तु या छोटे तन्तु होंगे। |

अनुसूची II

(नियम 5 देखिए)

श्रेणी अभिधान चिह्न






[सं० 11-3/81-ए० एम०]

**MINISTRY OF RURAL RECONSTRUCTION**

New Delhi, the 15th December, 1981

**G.S.R. 32.**—The following draft of the Cotton Seeds Grading and Marking Rules, 1981 which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by Section 3 of the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (I of 1937), is published as required by the said Section for the information of all persons likely to be affected thereby, and notice is hereby given that the said draft shall be taken into consideration after the expiry of forty five days from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

Any objection or suggestion which may be received from any person with respect to the said draft before the expiry of the period so specified shall be considered by the Central Government.

DRAFT RULES

1. Short title and application.—(i) These rules may be called the Cotton Seeds Grading and Marking Rules, 1981.

(ii) They shall apply to cotton seeds produced in India.

2. Definitions—In these rules, unless the context otherwise requires :

(1) "Agricultural Marketing Adviser" means the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India;

(2) "Schedule" means a Schedule appended to these rules;

(3) "Authorised Packer" means a person or a body of persons who has been granted a Certificate of Authorisation by the Agricultural Marketing Adviser, for getting the commodity graded and Agmarked in accordance with grade standards and procedure prescribed under the rules;

(4) "Certificate" means Certificate of Authorisation.

3. Grade designations :

The grade designation to indicate the quality of the cotton seeds shall be as set out in column I of Schedule I.

4. Definition of quality.—The quality indicated by the grade designations shall be as set out against each grade designations in columns 2 to 8 of Schedule I.

5. Grade designation mark.—The grade designation mark shall consist of a label specifying the grade designation and bearing a design consisting of outline map of India with the word AGMARK and figure of the rising sun with the words "Produce of India" and "भारतीय उत्पाद" resembling the mark as set out in Schedule II.

6. Method of Marking.—(1) The grade designation mark shall be securely affixed to each package in a manner approved by the Agricultural Marketing Adviser.

(2) In addition to the grade designation, the following particulars shall also be clearly marked on the lable :—

(a) Date of packing ;

(b) Lot number,

(c) Net weight, and

(d) Any other particulars, as may be specified by the Agricultural Marketing Adviser from time to time.

(3) The authorised packer may, after obtaining the prior approval of the Agricultural Marketing Adviser, mark his private trade mark on a container in a manner approved by the said officer, provided that the private trade mark does not represent a quality or grade of Cotton Seed different from that indicated by the grade designation mark affixed to the container in accordance with these rules.

7. Method of packing .—(1) Cotton Seeds shall be packed in new B-twill jute bags or any other type of container and in such capacity and such manner as may be specified from time to time by the Agricultural Marketing Adviser

(2) Packing material shall be clean and dry, free from fungus contamination and insect infestation and obnoxious smell.

(3) Each package shall contain cotton seeds of the same variety and of the same grade designation.

(4) Each package shall be securely closed and sealed in the manner prescribed by the Agricultural Marketing Adviser.

## SCHEDULE I

(See rule 3 and 4)

Grade designation and definition of quality of cotton Seeds

| Grade designation | Definition of quality | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Special characteristics | | | | | | |
| | Per cent by weight (Maximum) | | | | | | |
| | Foreign matter | Damaged seeds | Immature, shrivelled and dead seeds | Weevilled seeds | Linters | Moisture | General characteristics |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| I | 1.0 | 1.0 | 2.0 | 0.5 | 4.0 | 10.0 | The cotton seed shall :<br>(1) be obtained from the plant of Gossypium species;<br>(2) be well developed, mature, clean and dry.<br>(3) be reasonably uniform in shape size and colour.<br>(4) be free from dirt, obnoxious smell, deleterious substances, insect infestation, visible mould attack and rodent contamination; |
| II | 3.0 | 2.0 | 4.0 | 1.0 | 6.0 | 10.0 | |
| III | 5.0 | 4.0 | 6.0 | 1.5 | 10.0 | 10.0 | |

Definitions :

(1) Foreign matter : : shall be stones, lumps of earth, straw, chaff, stems, any other edible or non-edible seeds or any other foreign material.

(2) Damaged seeds : shall be the seeds which are internally damaged or discoloured or broken materially affecting the quality.

(3) Immature, shrivelled and dead seeds : shall be the seeds not properly developed and/or shrunken. Dead seeds shall be those seeds which can easily be crushed, if crushed between two fingers.

(4) Weevilled seeds : shall be the seeds which are wholly or partly bored or eaten by the weevils.

(5) Linters : shall be the presence of fuzz or short lint.

SCHEDULE II

(See rule 5)

Grade designation mark




[No. 11-3/81-AM]

**सा०का०नि०** 33 —केन्द्रीय सरकार, कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिन्हांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सूरजमुखी बीज श्रेणीकरण और चिन्हांकन नियम 1981 बनाना चाहती है। जैसा कि उक्त धारा में अपेक्षित है, प्रस्तावित नियमों का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है। इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालिस दिन की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा।

इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत जो भी आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय सरकार उन पर विचार करेगी।

**प्रारूप नियम**

1. संक्षिप्त नाम और लागू होना —इन नियमों का संक्षिप्त नाम सूरजमुखी बीज श्रेणीकरण और चिन्हांकन नियम 1981 है।

(2) ये भारत में उत्पादित सूरजमुखी बीजों को लागू होंगे।

2. परिभाषाएं —इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(1) 'कृषि विपणन सलाहकार' से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है;

(2) 'अनुसूची' से इन नियमों से संलग्न कोई अनुसूची अभिप्रेत है,

(3) 'प्राधिकृत पैकर' से ऐसा व्यक्ति या व्यक्ति निकाय अभिप्रेत है जिसे कृषि विपणन सलाहकार के नियमों के अधीन विहित श्रेणी मानकों और प्रक्रिया के अनुसार वस्तु को श्रेणीकृत करने और एगमार्क चिन्ह लगवाने के लिए, प्राधिकरण प्रमाणपत्र दिया है;

(4) 'प्रमाण पत्र' से प्राधिकरण प्रमाणपत्र अभिप्रेत है।

3. श्रेणी अभिधान —सूरजमुखी बीजों की क्वालिटी उपदर्शित करने वाला श्रेणी अभिधान वह होगा, जो अनुसूची 1 के स्तम्भ 1 में उपवर्णित है।

4. क्वालिटी की परिभाषा—श्रेणी अभिधानों द्वारा उपदर्शित क्वालिटी वह होगी जो अनुसूची 1 के स्तम्भ 2 से 7 में प्रत्येक श्रेणी अभिधान के सामने प्रदर्शित है।

5 श्रेणी अभिधान चिन्ह- श्रेणी अभिधान चिन्ह एक ऐसा लेबल होगा जिसमें श्रेणी अभिधान विनिर्दिष्ट होगा और ऐसी डिजाइन बनी होगी जिसमें भारत का रूप रेखा मानचित्र 'एगमार्क' शब्द और 'भारतीय उत्पाद तथा 'प्रोडयस आफ इण्डिया' शब्दों सहित उगते हुए सूर्य का चित्र होगा जो अनुसूची 2 में उपदर्शित चिन्ह के सदृश्य होगा।

6 चिन्हांकित पद्धति- (1) श्रेणी अभिधान चिन्ह कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित रीति में प्रत्येक पैकेज पर मजबूती से चिपकाया जाएगा।

(2) श्रेणी अभिधान के अतिरिक्त लेबल पर निम्नलिखित विशिष्टियां भी स्पष्टतः दी जाएंगी--

(क) पैक करने की तारीख,

(ख) लाट संख्या,

(ग) शुद्ध भार और

(घ) कोई अन्य विशिष्ट जो कृषि विपणन सलाहकार समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे।

(3) प्राधिकृत पैकर, कृषि विपणन सलाहकार से पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने के पश्चात्, आधान पर अपना प्राइवेट व्यापार चिन्ह उक्त अधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति से अंकित कर सकेगा परन्तु यह तब जब कि प्राइवेट व्यापार चिन्ह इन नियमों के अनुसार आधान पर चिपकाए गए श्रेणी अभिधान चिन्ह द्वारा उपदर्शित सूरजमुखी बीजों की क्वालिटी का श्रेणी से भिन्न तथा क्वालिटी या श्रेणी उपदर्शित न करे.

7 पैक करने की पद्धति- (1) सूरजमुखी बीज नए बी टिकल जूट के थैलों में या किसी अन्य प्रकार के आधान में तथा ऐसी क्षमता और ऐसी रीति में पैक किए जाएंगे, जो कृषि विपणन सलाहकार समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे।

(2) पैकिंग सामग्री स्वच्छ और शुष्क होगी। फफूंदी संदूषण और कीट ग्रसन और विकृत गन्ध से मुक्त होगी।

(3) प्रत्येक पैकेज में एक ही किस्म के और एक ही श्रेणी अभिधान वाले सूरजमुखी बीज होंगे।

(4) प्रत्येक आधान को कृषि विपणन सलाहकार द्वारा विहित रीति में सुरक्षित रूप से बन्द और सील बन्द किया जाएगा।

अनुसूची 1

(नियम 3 और 4 देखिए)

सूरजमुखी बीज का श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

| श्रेणी अभिधान | क्वालिटी की परिभाषा विशेष लक्षण भार द्वारा प्रतिशत (अधिकतम) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | विजातीय पदार्थ | क्षतिग्रस्त बीज | अपरिपक्व, झुर्रीदार तथा खराब बीज | घुने बीज | नमी | साधारण लक्षण |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2 0 | 2 0 | 10 0 | 0 5 | 5 0 | सूरजमुखी बीज— |
| 2 | 4 0 | 4 0 | 15 0 | 1 0 | 5 0 | (1) वानस्पतिक रूप से हैलिऐन्थस एनुअस लिन के रूप में ज्ञात पौधे से अभिप्राप्त किए जाएंगे। |
| 3 | 6 0 | 6 0 | 25 0 | 1 5 | 5 0 | (2) सुविकसित, परिपक्व साफ, शुष्क होंगे और धूल, विकृत गन्ध, हानिकर पदार्थों कीट ग्रसन और रोगित संदूषण से मुक्त होंगे। |
| | | | | | | (3) आकृति, आकार और रंग में युक्तियुक्त रूप से एक समान होंगे। |
| | | | | | | (4) फफूंदी के चिन्ह दृश्यमान नहीं होंगे। |

परिभाषाएं --

(1) विजातीय पदार्थ में रफड़, मिट्टी के टुकड़े घासफूस, भूसा, तने कोई अन्य खाद्य बीज या अखाद्य बीज अथवा कोई अन्य विजातीय पदार्थ होंगे।

(2) क्षतिग्रस्त बीज ऐसे बीज होंगे जो आन्तरिक रूप से इस प्रकार क्षतिग्रस्त और विवर्णित है कि उसका क्वालिटी पर प्रभाव पड़ता है।

(3) अपरिपक्व, झुर्रीदार तथा खराब बीज ऐसे होंगे जो उचित रूप से विकसित नहीं है और या सिकुड़े हुए है। खराब बीज ऐसे बीज होंगे जोकि आसानी से यदि उन्हें दो उंगलियों के बीच मसला जाए तो समझे जा सकते हैं।

(4) घुने बीज ऐसे बीज होंगे जिनमें घुन द्वारा आंशिक रूप से या पूर्णरूप से छेद कर दिया है या जिन्हें खा लिया गया है।

अनुसूची 2

(नियम 5 देखिए)

श्रेणी अभिदान चिन्ह




[सं० 11-3/81-एसएम]

